हरियाणा में रेल अवसंरचना परियोजनाओं के लिये 128 मिलियन अमरीकी डॉलर का ऋण स्वीकृत

चर्चा में क्यों?

22 दिसंबर, 2022 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में हुई हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एचआरआईडीसी) की बैठक में रेल अवसंरचना परियोजनाओं के लिये एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक **(AIIB)** से 128 मिलियन अमरीकी डॉलर (1040 करोड़ रुपए) का ऋण स्वीकृत किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में मुख्य सचिव ने बताया कि आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली और महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट, हिसार वाया बिजवासन-गुरुग्राम, बसई-धनकोट, सुल्तानपुर-फरुखनगर, झज्जर, अस्थल बोहर-रोहतक, डोभ-भाली, हांसी-हिसार एयरपोर्ट के बीच रेलवे कनेक्टिविटी के लिये एचआरआईडीसी एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर रहा है।
- उन्होंने बताया कि दूसरे 'अरबन इंफ्रा बिजिनेस सबमिट एंड अवार्ड्स, 2022' के अवसर पर 'न्यू रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट'में उत्कृष्टता के लिये 'अरबन इंफ्रा ग्रुप'द्वारा रेल क्षेत्र में अच्छी तरह से स्थापित कंपनियों के साथ एचआरआईडीसी को सम्मानित किया गया है।
- एचआरआईडीसी का गुरुग्राम में स्थायी प्रधान कार्यालय होगा जिसके लिये राज्य सरकार ने सेक्टर 32 में एक भूखंड आवंटित कर दिया है।
- मुख्य सचिव ने बैठक में अधिकारियों को राज्य में रेल संपर्क विस्तार के लिये हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना के लिये भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके तहत 130 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में सोहना से पलवल तक 17 स्टेशनों वाली एक नई दोहरी रेल लाइन बादली, मानेसर और सोहना से होकर कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के साथ-साथ चलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/usd-128-million-line-of-credit-for-rail-infrastructure-projects-in-haryana